सीमेंट और केमिकल मिलाकर बना दिया नकली जीरा, पुलिस ने जब्त की 46 बोरियां

ग्वालियर शहर के बहोड़ापुर थाना इलाके में मानव जीवन के साथ खिलवाड़ कर देने वाली तस्वीरें सामने आई है। यहां चंद मुनाफे के लिए लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हुए खाने में इस्तेमाल होने वाले जीरे को गलत तरीके से तैयार किया जा रहा था। यह जीरा सौंफ पर सीमेंट और रसायन का लेप लगाकर बनाया जा रहा था। जब पुलिस को नकली जीरा बनाने वाले कारोबारियों की भनक लगी तो पुलिस ने कार्रवाई की।

Source: http://indiatv.in/madhya-pradesh/gwalior-man-fake-jeera-cement-and-chemical-46-sacks-seized-2026-01-31-1194669